कोलकाता□ वाम मोर्चे ने आज कहा कि पश्चिम बंगाल सरकार को अपना 'अहंकार' छोड़ कर दार्जीलिंग संकट के हल के लिए गोरखा जनमुक्ति मोर्चा के साथ वार्ता करनी चाहिए□□

वाम मोर्चा के अध्यक्ष विमान बोस ने आज कहा, ''राज्य सरकार को अपना अहंकार छोड़ कर जीजे□म को वार्ता के लिए मनाने की पहल करनी चाहिए□□ जीजे□म को वार्ता के लिए तैयार करना राज्य सरकार का दायित्व है□''

मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी :माकपा: के राज्य सचिव बोस ने यहां संवाददाताओं से कहा कि पश्चिम बंगाल सरकार, जीजे□म और केंद्र सरकार के बीच हु□ □कत्रिपक्षीय समझौते के तहत दार्जीलिंग में पर्वतीय परिषद 'गोरखा क्षेत्रीय प्रशासन' का गठन हुआ था, इसलिए□ राज्य सरकार इस वार्ता के लिए□ दिल्ली से प्रतिनिधियों को भी आमंत्रित कर सकती है□

बोस ने कहा कि राज्य सरकार को पहाड़ी इलाकों में रह रहे लोगों के व्यापक हित में यह कदम उठाना चाहिए□□

भाषा